Seventeenth Loksabha

>

Title: Regarding employment and vocational education to youth of India.

श्रीमती क्वीन ओझा (गौहाटी): अध्यक्ष महोदय, मैं आपका आभार प्रकट करती हूं क्योंकि आपने मुझे फिर से एक बार बोलने का अवसर प्रदान किया है । आज विश्व में हमारा देश सबसे युवा देशों के रूप में शामिल हो गया है और ज्यादा युवा होने के कारण रोजगार एवं व्यवसायपरक शिक्षा सबसे महत्वपूर्ण कड़ी साबित हो सकती है । कांग्रेस ने अंग्रेजों की मैकाले शिक्षा पद्धति को आगे बढ़ाया लेकिन व्यावसायिक शिक्षा पर जोर नहीं दिया । वर्तमान में हमारी सरकार द्वारा व्यावसायिक शिक्षा के लिए जो राष्ट्रीय प्रारूप तैयार किया गया है, उसे जल्द-से-जल्द लागू किया जाए तथा असम सहित पूरे नार्थ-ईस्ट में रोजगार, पर्यटन एवं आयुर्वेद सहित उच्च स्तरीय व्यावसायिक शिक्षा केंद्र स्थापित कर युवकों के लिए नए आयाम और अवसर प्रदान करें । आपको मालूम है कि युवकों को सही दिशा नहीं मिलने के कारण वे भटक जाते हैं । धन्यवाद ।